कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, लखनऊ।

पत्रांक : मु0चि0अ0/अधि0–नि0चिकि0प्रति0पंजी0/2022/3268-8 दिनांक 26/03/2022

- **समस्त प्रबन्धक/संचालक,**
  निजी चिकित्सा प्रतिष्ठान (50 बेड एवं 50 बेड के अधिक)
  जनपद लखनऊ।
- **सचिव,**
  लखनऊ नर्सिंग होम एसोशिएसन, लखनऊ शाखा
  जनपद लखनऊ

अपर मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन के पत्र. संख्या 55/पॉच–6–2022 दिनांक 07.01.2022 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा उत्तर प्रदेश के समस्त जनपदों में नैदानिक स्थापनों के रजिस्ट्रीकरण एक्ट 2010 के अन्तर्गत जनपद के 50 बेड या उससे अधिक शैय्या के चिकित्सालयों/नैदानिक स्थापनों का रजिस्ट्रेशन के सम्बध में दिशा निर्देश निर्गत किये गये है, जिसमें उल्लेख किया गया है कि वर्तमान व्यवस्था के अन्तर्गत पंजीकरण समस्त नैदानिक स्थानपनों के पंजीकरण की वैधता दिनांक 31.03.2022 को स्वतः समाप्त हो जाने से पूर्व अपने रजिस्ट्रेशन को रजिस्ट्रीकरण एक्ट 2010 के अन्तर्गत कराना आवश्यक होगा।

उक्त के परिपेक्ष्य में आपके सभी को निर्देशित किया जाता है कि आप अपने चिकित्सा प्रतिष्ठान में समस्त मानकों का अद्यतन करते हुए वर्ष 2022–2023 में अपने चिकित्सा प्रतिष्ठान का पंजीकरण /नवीनीकरण रजिस्ट्रीकरण एक्ट 2010 के अन्तर्गत निर्धारित मानकों के अनुसार सुचारू रूप से किया जा सके।

इस कम में यह भी अवगत कराना है कि आपके अधीन समस्त चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ का पंजीकरण यूपी मेडिकल काउन्सिल एवं यूपी स्टेट मेडिकल फैकेल्टी से कराना सुनिश्चित कर लें जिससे कि आपके चिकित्सा प्रतिष्ठान में कार्यरत चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल का उपरोक्त उल्लेखित रजिस्ट्रीकरण एक्ट 2010 के अन्तर्गत निजी चिकित्सा प्रतिष्ठान के पंजीकरण/नवीनीकरण के समय अनावश्यक विलम्ब न हों।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी,
लखनऊ।

पत्रांक मु0चि0अ0/अधि0–नि0चिकि0प्रति0पंजी0/2022/3268-8 तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1 अपर मुख्य सचिव चिकित्सा अनुभाग–6, उत्तर प्रदेश शासन।
2 महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें उत्तर प्रदेश लखनऊ।
3 जिला अधिकारी, लखनऊ।
4 निदेशक चिकित्सा उपचार, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाऐं उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
5 अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण लखनऊ मण्डल, लखनऊ।
6 नोडल अधिकारी, निजी0चिकि0प्रति0पंजी0 कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, लखनऊ।
7 गार्ड फाईल।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी,
लखनऊ।